प्रशिक्षण एवं विकास इकाई
उ0 प्र0 राज्य विद्युत उत्पादन निगम लि0
14 – अशोक मार्ग, शक्ति भवन, लखनऊ– 226001
CIN: U31901UP1985SGC007135

संख्या– II/21295 /2025/प्रशि0/2025/ 3(10) /SE(Trg)/UNL/2023 दिनांक : 18/08/2025

कार्यालय–ज्ञाप

निविदाओं के समाचार पत्रों में प्रकाशन हेतु सामान्य दिशा–निर्देश

उत्पादन निगम लिमिटेड की विभिन्न परियोजनाओं पर निविदाओं के समाचार पत्रों में विज्ञापन प्रकाशन के कार्यो में एकरूपता लाने एवं वित्तीय व्यय को कम किये जाने हेतु निम्नवत् दिशा निर्देशों को निर्गत किया जा रहा है :–

1. प्रकाशन में निविदा का विवरण उल्लेख करते समय समाचार पत्र में निविदा की प्रमुख बातों का ही उल्लेख किया जाये (यथा प्रदर्शित प्रारूप के अनुसार) जैसे :–
   - निविदा संख्या,
   - निविदा आईडी,
   - कार्य का संक्षिप्त विवरण (लगभग 15 शब्द),
   - कार्य की धनराशि
   - निविदा मूल्य (Tender cost)
   - धरोहर राशि (EMD),
   - निविदा अपलोड करने की अन्तिम तिथि
2. निविदा सूचना, निविदा प्रपत्र, एवं अन्य सभी विवरण www.etender.up.nic.in पर उपलब्ध करा दिया जाए। समाचार पत्र में निर्गत किये जा रहे वर्गीकृत विज्ञापनों के अन्त में "**निविदा के परिशिष्ट/शुद्धिपत्र/निरस्तीकरण आदि की सूचना हेतु नियमित रूप से www.etender.up.nic.in देखें**" आवश्यक रूप से प्रकाशित कराया जाये। साथ ही किसी प्रकार का निविदा के परिशिष्ट/शुद्धिपत्र /निरस्तीकरण आदि केवल वेबसाइट पर ही उपलब्ध कराया जाए। निविदा के परिशिष्ट/शुद्धिपत्र/निरस्तीकरण आदि समाचार पत्रों में प्रकाशित नही किया जाएगा।
3. समाचार पत्रों में उक्त निविदा प्रकाशन 8 से0मी0 चौड़ाई के कॉलम (equivalent to 2 columns of newspaper) में प्रकाशित कराये जायेंगे।
4. हिन्दी फॉन्ट Krutidev 010 एवं फॉन्ट साइज 10–12–14 (यथा प्रदर्शित) का प्रयोग किया जायेगा।
5. अंग्रेजी फॉन्ट Times New Roman एवं फॉन्ट साइज 8–10–12 (यथा प्रदर्शित) का प्रयोग किया जायेगा।
6. कॉलम की ऊँचाई content के अनुसार परिवर्तनीय (variable) रहेगी। पंक्तियों के बीच का space उक्त उदाहरण के अनुरूप रहेगा। इस space को बढ़ाकर विज्ञापन का आकार (height) अनावश्यक रूप से न बढ़ाया जाये।
7. एक से अधिक निविदा एक साथ प्रकाशित करते समय प्रत्येक निविदा नोटिस को एक नये नंम्बर के साथ नयी पंक्ति से शुरू किया जाये एवं शीर्ष लेख की पुनरावृत्ति न की जाए ।
8. उपरोक्त प्राविधान में किसी प्रकार का विचलन न किया जाये। किसी प्रकार के विचलन की आवश्यकता के प्रकरण में विचलन के अनुमोदन हेतु निदेशक (वित्त) की सहमति से सम्बन्धित निदेशक को अधिकृत किया जाता है।
9. अनुमोदित विचलन का आदेश Release Order के साथ फर्म को उपलब्ध कराना आवश्यक होगा। फर्म द्वारा बीजक के साथ उपरोक्त विचलन का आदेश बिलिंग इकाई को प्रस्तुत किया जायेगा।
10. परियोजना स्तर पर समग्रता में निविदा प्रकाशित की जाये।

11. तीन से अधिक समाचार पत्र में प्रकाशन हेतु निदेशक मण्डल की आज्ञा से निर्गत आदेश सं0 कार्मिक/उनिलि/पी–38/712 दिनांक 04.09.2014 के अनुसार कम्पनी सचिव से अनुमति प्राप्त करने का प्रावधान है।

"उपरोक्त आदेश दिनांक 01.09.2025 से प्रभावी होंगे। दिनांक 01.09.2025 से प्रकाशनार्थ भेजे जाने वाले निविदा सूचना इस आदेश के अनुसार प्रकाशित किये जायेंगे। तदानुसार निगमादेश संख्या सचिव/उनिलि/पी–38/2932 दिनांक 22.07.2020 दिनांक 31.08.2025 के पश्चात अवक्रमित/अप्रभावी हो जायेगे"

संलग्नक : निविदा प्रारूप।

प्रबन्ध निदेशक

संख्या– II/21295 /2025/प्रशि0/2025/ 3(10) /SE(Trg)/UNL/2023, तद् दिनांक


प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

1. प्रबन्ध निदेशक, उनिलि के निजी सचिव, शक्ति भवन, लखनऊ।
2. निदेशक (परि0 एवं वाणि0)/(तकनीकी)/(वित्त)/(कार्मिक), उ0नि0लि0, 8वाँ तल, शक्ति भवन विस्तार, लखनऊ।
3. मुख्य महाप्रबन्धक (अनपरा/ओबरा/पारीछा/हरदुआगंज/पनकी/जवाहरपुर ताप विद्युत गृह)।
4. मुख्य अभियन्ता (पीपीएमएम/तापीय परिचालन/मानव संसाध/ईधन/वाणिज्य/जानपद नव परियोजना/पर्यावरण एवं सुरक्षा/प्रगति एवं रिफार्म), उनिलि।
5. मुख्य परियोजना प्रबन्धक, प्रगति इकाई को वेबसाइट पर अपलोड किए जाने के आशय से प्रेषित।
6. मुख्य अभियन्ता (मा0सं0), 9वाँ तल, शक्ति भवन विस्तार, लखनऊ।
7. मुख्य अभियन्ता (पी0एण्डएस), जल विद्युत स्कन्ध, 12वाँ तल, शक्ति भवन विस्तार, लखनऊ।
8. कम्पनी सचिव, उनिलि, 09वाँ तल, शक्ति भवन विस्तार, लखनऊ।
9. उपमहाप्रबन्धक (वित्त/लेखा/आडिट), उनिलि, लखनऊ।
10. अधीक्षण अभियन्ता, प्रशिक्षण एवं विकास इकाई, 10वाँ तल, शक्ति भवन विस्तार, लखनऊ।
11. कट फाइल।


18/08/25

(संतोष कुमार गुप्ता)
अधिशासी अभियन्ता

एक निविदा के प्रकाशन हेतु हिन्दी प्रारूप




एक निविदा के प्रकाशन हेतु अंग्रेजी प्रारूप



एक से अधिक निविदा के प्रकाशन हेतु हिन्दी प्रारूप



एक से अधिक निविदा के प्रकाशन हेतु अंग्रेजी प्रारूप



(उपरोक्तानुसार भरे गये प्रारूप उदाहरण मात्र है।)

1/8/25
(संतोष कुमार गुप्ता)
अधिशासी अभियन्ता
प्रशिक्षण एवं विकास इकाई
उ0नि0लि0 शक्ति भवन विस्तार,
लखनऊ